**खबर संक्षेप**

### हत्या एवं हत्या के प्रयत्न के जघन्य अपराध के आरोपियों को हुई आजीवन कारावास की सजा

**मैहर।** प्रथम अपर सत्रन्यायालय के पीठासीन अधिकारी प्रशांत शुक्ला ने म.प्र. राज्य विरूद्ध पवन सिंह सत्र प्रकरण क्र. 143/2018 प्रकरण में आरोपी पवन पिता जागेश्वर उम्र 35 वर्ष विजय पिता ललन,उम्र 33 वर्ष दोनों निवासी अमगार थाना बदेरा को थाना बदेरा के अपराध कमांक 110/2018 में धारा 302,307,34 भादवि में आरोपीगण को दोषसिद्ध करते हुए धारा 302/34 में आजीवन कारावास एवं धारा 307 /34 में 07 वर्ष के कठोर कारावास तथा कुल 30,000 रू जुर्माने के दण्ड से दंडित किया गया।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक 17 जनवरी को

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक 17 जनवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,तहसीलदार, नायब तहसीलदार,अधीक्षक भू-अभिलेख एवं कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### अधिकारी-कर्मचारियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन

**सतना।** व्यक्तिगत कार्यो के निष्पादन में इंटरनेट एवं मोबाइल के प्रयोग में निरंतर वृद्धि एवं तकनीकी माध्यमों से साइबर अपराधों की संख्या में निरंतर वृद्धि तथा उसके दुष्परिणामों को दृष्टिगत रखते हुए तथा तकनीकी जानकारियों को समझने और उससे बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी को समझने के लिए जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुक रहने जिला के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश जारी कर कहा है कि वे अपने कार्यालय में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्यालयीन सुविधा को देखते निर्देश जारी करें कि वे प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण 11 जनवरी से 29 फरवरी तक आयोजित किया गया है। साइबर सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण ई-दक्ष केन्द्र में पदस्थ प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा।

### डाटाबेस में अपडेशन की प्रक्रिया 10 दिवस पर पूर्ण करायें विभाग प्रमुख

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने विभाग प्रमुखों को लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत निर्देश दिये हैं कि कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों का एनआईसी के सॉफ्ट वेयर में फीड डाटा में आवश्यक सुधार 10 दिवस के अंदर करवाना सुनिश्चित करें। जिसमें स्थानांतरित एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों का नाम हटाना,स्थानांतरित होकर आये कर्मचारियों का डाटा जोड़ना,दिव्यांग कर्मचारियों का मेडीकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र अपलोड करना,गर्भवती महिला एवं 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों के संबंध में जन्म प्रमाण पत्र एवं डॉक्टर की परामर्श पर्ची पर टीप,अधिकारियों-कर्मचारियों की बैंक से संबंधित जानकारी का परीक्षण कर आवश्यक सुधार सहित अधिकारियों-कर्मचारियों के पदनाम, जेंडर,मोबाईल नंबर अपडेट कराना विभाग प्रमुख सुनिश्चित करेंगे।

#### मौके पर पहुंची पुलिस,निष्पक्ष जांच की मांग

## फल सब्जी मंडी में मारपीट, लूटपाट करने के प्रयास का गंभीर आरोप

**सतना।** कोलगवां थाना अंतर्गत डिलौरा स्थित गांधी फल-सब्जी मंडी में बुधवार को मटर की खरीददारी के दौरान भाव को लेकर सब्जी विक्रेता एवं ग्राहक के बीच वाद विवाद हो गया। जिसमें दोनों पक्षों के दो व्यक्ति घायल हो गये। सूचना मिलने पर सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान,टीआई सुदीप सोनी बल सहित मौके पर पहुंचे।

पुलिस द्वारा दोनों घायलों को मेडिकल के लिये जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत इनको कोलगवां थाना लाया गया। दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट की शिकायत की गयी है। समाचार लिखे जाने तक सब्जी विक्रेता रविकुमार कछवाहा एवं ग्राहक पवन त्रिपाठी की शिकायत पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही थी। सब्जी विक्रेता के हाथ में एवं ग्राहक के सिर में चोट आई है।

**मटर के भाव को लेकर हुआ विवाद**

कोलगवां थाना से मिली जानकारी के



मुताबिक मटर के भाव को लेकर सब्जी विक्रेता रविकुमार कछवाहा एवं ग्राहक पवन त्रिपाठी के बीच वाद विवाद हो गया,जो बढ़कर मारपीट में बदल गया। पुलिस द्वारा इस घटना की जांच की जा रही है।

**व्यापारी संघ ने लगाया लूटपाट के प्रयास का आरोप**

उधर गांधी फल-सब्जी बाजार डिलौरा के व्यापारी संघ के संरक्षक रामप्रताप कुशवाहा लाला का आरोप है कि चार-पांच बाइकों में सवार होकर आये करीबन एक दर्जन हथियारबंद लोगों ने मंडी के सब्जी विक्रेता रविकुमार कछवाह की दुकान में लूटपाट के इरादे से घुस गये। इनके द्वारा दुकानदार रवि पर कट्टा अड़ा दिया गया और मारपीट भी की गयी। जिससे दुकानदार घायल हो गया। मारपीट की जानकारी मिलते ही व्यापारी दौड़कर घटना स्थल पर पहुंचे।इसी बीच बाइक और स्कूटर पर सवार होकर आये सभी लोग भाग खड़े हुये। सब्जी-फल व्यापारी संघ के संरक्षक रामप्रताप के अनुसार भागते समय ये लोग पुलिस लिखी एक बाइक और एक एक्टीवा छोड़ गये हैं।उन्होंने बताया कि इस घटना की सूचना कोलगवां थाना,नगर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक को दी गयी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मुआयना किया। घटना में जांच कार्यवाही की जा रही है।

## दो कारों में एक जैसा नंबर, आरोपी गिरफ्तार





**सतना।** सिविल लाइन पुलिस ने एक ही नंबर पर दो स्कार्पियो कार चलाये जाने के मामले में अंकित सिंह परिहार नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।आरोपी कचलोहा गांव का रहने वाला है।अंकित सिंह द्वारा अपनी स्कार्पियो कार पर गलत नंबर एमपी 19 सी 6655 की नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाया जा रहा था। अंकित सिंह के नाम से गाड़ी का सेल लेटर मात्र है। जिस नंबर पर वह स्कार्पियो चला रहा था,वह परिवहन विभाग में पुलिस के डॉग मास्टर राधाकांत श्रीवास्तव के नाम दर्ज स्कार्पियो का है। पुलिस द्वारा अंकित सिंह के वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर एवं अन्य कागजातों की बारीकी से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया अंकित सिंह द्वारा कूटरचित कागजात तैयार करके वाहन चलाये जाने की बात सामने आई है।

**गलत नंबर पर चला रहा था अपनी कार**

सिविल लाइन थाना से मिली जानकारी के मुताबिक अंकित सिंह परिहार के खिलाफ धारा 401, 420, 466, 467 एवं 471 के तहत प्रकरण दर्ज करके आरोपी को न्यायालय भेजा गया है। पुलिस द्वारा गलत नंबर का इस्तेमाल करके स्कार्पियो वाहन चलाने के आरोपी के खिलाफ गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि इनके द्वारा कूटरचित कागजात के आधार पर दो या इससे अधिक वाहन चलाये जा रहे हैं।

### किसानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा किसान यूनियन

**मैहर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में किसानों के प्रमुख मुद्दों को लेकर आज मुख्यमंत्री के नाम मैहर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमे किसानों के धान को 3100 रुपए समर्थन मूल्य पर खरीदी जाए और खरीदी केन्द्रों में हो रहे भ्रष्टाचार और बिवादित तथा भ्रष्ट केन्द्रों की जांचकर आगे के लिए आवंटन पर रोक लगाई जाये। जिले की कई समितियों में अंकुश के बाद भी किसानों से मनमानी क आरोप हैं! आगे सूची कलेक्टरों को दी जाएगी। बिजली कम्पनी की मनमानी बिल तथा बिल जमा होने के बाद भी महीनों के जले हुए ट्रांसफार्मर न बदलने से किसानों के धान की फसल को अधिक नुकसान हुआ है। लो-वोल्टेज बिजली ट्रिपिंग जली हुई व वर्षो की पुरानी तारें बदली जाने,सीमेंट कम्पनियों से प्रभावित किसानों और उनकी मांगों को सरकारी मापदंडों के आधार पर जांचकर वर्षो से पीड़ित और मजबूर किसानों को उचित न्याय और उनका हक़ दिलाए जाने संबंधित कलेक्टर के अलावा मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सांसद सतना व जिले के सभी विधायक दलों को ज्ञापन पत्र सौंप कर किसानों की समस्याओं के प्रमुख बिन्दुओं पर सदन में बात रखने व करने की अपील की जायेगी।

## शासकीय कर्मियों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित करायें विभाग प्रमुख



**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त विभाग प्रमुखों से कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान अनेक शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम उनकी पदस्थापना स्थल की विधानसभा में दर्ज नहीं होने के कारण डाक मतपत्र का प्रयोग करने में कठिनाई का अनुभव किया गया था। वर्तमान में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 की कार्यवाहियां प्रचलन में हैं। इस दौरान शासकीय कर्मियों का नाम पदस्थापना मुख्यालय की विधानसभा में दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को सूचित किया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार 22 जनवरी तक दावा-आपत्ति प्राप्त की जानी है। सभी विभाग प्रमुख अधिकारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की अर्हता तिथि 01.01.2024 के अनुसार विभाग में पदस्थ समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अर्धशासकीय संस्था और सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों के नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत दर्ज कराना सुनिश्चित करें। साथ ही 18 जनवरी 2024 तक जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि कार्यालय में कार्यरत शासकीय कर्मियों के नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत जोड़े जा चुके हैं। अब कोई भी नाम जोड़ा जाना शेष नहीं है।

## बंदियों को दी गई विधिक सहायता की जानकारी




**सतना।** केंद्रीय जेल सतना के बंदियों को विधिक सहायता की जानकारी प्रदान करने बुधवार को विधिक साक्षरता शिविर संपन्न हुआ। शिविर में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट कामिनी प्रजापति ने बंदियों को प्ली बार्गेनिंग एवं विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बंदियों के हितार्थ चलाई जा रही कल्याणकारी एवं विधिक संबंधी जानकारी दी। इसके साथ ही ऐसे बंदी जो स्वयं के व्यय पर अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते हैं,उन्हें सरकारी अधिवक्ता निःशुल्क प्राप्त करने की भी जानकारी दी गई। न्यायाधीश ने बंदियों को बताया कि अब वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के द्वारा अपनी बात कह सकते हैं। उन्होने बंदियों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण भी किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक लीना कोष्टा,उपअधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## बरगी संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री के नाम दिया जिला कलेक्टर को ज्ञापन

**सतना।** नर्मदा जल लाओ संघर्ष समिति सतना का एक प्रतिनिधिमंडल संघर्ष समिति के संयोजक पूर्व विधायक रामप्रताप सिंह के नेतृत्व में आज जिला कलेक्टर सतना से मिला और उन्हें मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र प्रेषित किया। प्रतिनिधिमंडल में श्री सिंह के साथ नर्मदा सेनानी हरि प्रकाश गोस्वामी,संघर्ष समिति के प्रवक्ता अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा,रिटायर्ड डायरेक्टर हेतराज सिंह,लालन चतुर्वेदी,रिटायर्ड इंजीनियर द्वारिकेंद्र सिंह,सुरेश प्रताप सिंह,नरेंद्र तिवारी,चंद्रिका त्रिपाठी,राघवेंद्र सिंह,अशोक तिवारी प्रमुख रूप से शामिल थे। श्री सिंह ने प्रेषित मांग पत्र में मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि बरगी टनल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा



किया जाए साथ ही सतना आने वाले नर्मदा जल का बटवारा ना हो इसलिए बहोरीबंद लिफ्ट का टेंडर तत्काल निरस्त किया जाए जिससे आने वाले नर्मदा जल को चित्रकूट की मंदाकिनी में मिलाने की योजना को भी पूरा किया जा सके,मांग पत्र में कहा गया है कि सतना जिले की जनता लंबे समय से नर्मदा जल की प्रतीक्षा कर रही है काम में विलंब हो रहा है जिससे किसानों की सिंचाई भी प्रभावित होती है इसलिए इस काम को अभिलंब पूरा किया जाए। संघर्ष समिति के प्रवक्ता सुरेंद्रशर्मा ने बताया कि सतना जिला कलेक्टर ने संयोजक रामप्रताप सिंह की बातों को विस्तार से सुना समझा और मांग पत्र को मुख्यमंत्री के पास तक प्रेषित करने की बात कही और इस काम को जल्द पूरा किये जाने की आवश्यकता भी महसूस की और प्रतिनिधि मण्डल को अपने स्तर से ऊपर बात करने का भी सुझाव दिया। मांग पत्र में संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि हर कीमत पर बहोरीबंद लिफ्ट परियोजना का टेंडर निरस्त करने की दिशा में कदम उठाया जाना चाहिए।

## जनसुनवाई मे पीड़ितों ने सुनाई व्यथा

**अनूपपुर।** ग्राम सकरिया की भूमि का नक्सा, तर्मीम, सीमांकन व नामांत्रण के नाम पर सकरिया पटवारी द्वारा 30 हजार रिश्वत की मांग किए जाने की शिकायत पुरानी बस्ती निवासी कुन्नू गड़ारी पुत्र चिड्डा गड़ारी ने करते बताया कि उसकी भूमि का नक्सा, तर्मीम किए जाने का ओदश 23 सितम्बर 2017 को पारित हुआ था, जिसे पटवारी द्वारा आज तक कम्प्यूटर में नहीं चढ़ाया गया और पूछने पर रूपयों की मांग की जाती है, ग्राम सकरिया की भूमि का सीमांकन आदि 17 फरवरी 2021 को लगा था, जिसका सीमांकन पटवारी द्वारा आज तक नही किया गया तथा रुपए नही देने पर सीमांकन करने से मना कर दिया गया। इतना ही नही 14 अप्रैल 2022 को न्यायालय के आदेश पर अपने जमीन का विभाजन कर अपने नाती को दिए जाने के आदेश की कॉपी लेकर नामांत्रण दर्ज करवाने पटवारी के पास जाने पर टालमटोल करते हुए फिर से रूपयों की मांग की गई। जिस पर प्रार्थी ने सकरिया पटवारी पर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। 9 जनवरी मंगलवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आवेदक ने संयुक्त कलेक्टर दिलीप पांडेय को बताई। जनसुनवाई में जिले भर से 80 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए उनके समुचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे। तहसील अनूपपुर के ग्राम कांसा निवासी गोविन्द प्रसाद पटेल ने शासकीय हाईस्कूल कांसा में भृत्य के पद पर भर्ती किए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम पयारी नं. 1 निवासी रुकमणी प्रजापति ने अति गरीबी का राशन कार्ड बनवाए जाने, विकासखंड जैतहरी के ग्राम कोलमी निवासी दुर्गा प्रसाद काछी ने जल जीवन मिषन अंतर्गत नल-जल योजना में लापरवाही बरते जाने, वार्ड नं. 5 जैतहरी निवासी तिजिया बाई प्रजापति ने पट्टे की भूमि पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा किए जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। ग्राम मेड़ियारास निवासी नरेन्द्र पटेल ने म.प्र. ग्रामीण बैंक शाखा मेड़ियारास के शाखा प्रबंधक पर मनमाने तरीके से आहरण किए जाने की शिकायत दर्ज करवाई।

## एकेएस वि.वि.के छात्र वोपेंद्र ने राज्य युवा महोत्सव 2024 में तीसरा स्थान हासिल किया



**सतना।** मध्यप्रदेश राज्य युवा महोत्सव 2024 में तीसरा स्थान हासिल करना गर्व और हर्ष का पल है। आयोजन मध्यप्रदेश के भोपाल में आईईएस विश्वविद्यालय में 5 और 6 जनवरी को आयोजित हुआ। नेहरू युवा केंद्र संगठन राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2024 में सभी 49 जिलों के युवा एक साथ अपना हुनर साझा करने आए। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग,कविता,वाद-विवाद,कविता-लेखन,मोबाइल फोटोग्राफी और पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं शामिल थीं। मोबाइल फोटो ग्राफी प्रतियोगिता में एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के बी.टेक कंप्यूटर विज्ञान के छात्र वोपेंद्र चौधरी ने एन वाई के एस राज्य युवा महोत्सव 2024 में तीसरा स्थान हासिल किया। पुरस्कार राशि के रूप में 5000 प्रदान किए गए। एकेएस के प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी,प्रो.बी.ए.चोपड़े,डॉ.अखिलेश ए.बाऊ,सोनू कुमार सोनी,डॉ. जी.के.प्रधान,डॉक्टर दीपक मिश्रा ने शुभकामनाएं दी हैं।

### विशेष संक्षित पुनरीक्षण के तहत 42126 लक्षित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जायेंगे

**सतना।** निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के जारी कार्यक्रमानुसार जिले के सभी मतदान केंद्रों में बीएलओ द्वारा दावा-आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। दावा-आपत्ति 22 जनवरी तक प्राप्त की जायेंगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग से प्राप्त अनुमानित जनसंख्या के आधार पर 42126 नवीन मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट में 5458,रैगांव में 5487,सतना में 6136,नागौद में 5983,मैहर में 6388,अमरपाटन में 6107 और रामपुर बघेलान में 6567 मतदाताओं का नाम विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जोड़ने का लक्ष्य दिया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने विधानसभा क्षेत्रों के संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नवीन मतदाताओं के प्राप्त लक्ष्य को मतदाता सूची में जोड़ने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने अनुविभागीय अधिकारियों से कहा है कि सभी बीएलओ को पांबद कर युवा मतदाताओं और छूटे हुये मतदाताओं के नाम भी 22 जनवरी तक मतदाता सूची में शत-प्रतिशत जुड़वाना सुनिश्चि करें।

## समय-सीमा में संतुष्टि पूर्ण ढंग से करें प्रकरणों का निराकरण

### कलेक्टर मैहर ने ली समीक्षा बैठक

**सतना।** कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड की अध्यक्षता में प्रति बुधवार को होने वाली समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण समय-सीमा में निराकरण करें। सुनिश्चित करें कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंड नहीं हो और निराकरण संतुष्टिपूर्ण तरीके से किया जाए। इस मौके पर एसडीएम मैहर सुरेश जादव,एसडीएम रामनगर डॉ.आरती सिंह सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने सीएम हेल्पलाइन के विभिन्न विभागों में निराकृत प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मैहर जिले में सभी विभागों के बुधवार की स्थिति में 8398 प्रकरण लंबित पाए गए। जिनमें 2944 एल वन स्तर, 579 एल टू स्तर, 4064 एल थ्री स्तर और 811 एल फोर स्तर के हैं। जिससे पंचायती राज के 25 और सीएमओ मैहर के 14 प्रकरणों की वृद्धि पाई गई है। कलेक्टर ने कहा कि मैहर जिले में 8 हजार से अधिक प्रकरण लंबित रहना चिंता का विषय है। सभी विभागीय अधिकारी अभियान मोड में प्रकरणों का निराकरण करें। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने धान उपार्जन,जन मन योजना के मेगा इवेंट की तैयारियों, विकसित भारत संकल्प यात्रा,10 जनवरी से 15 जनवरी तक चलने वाले मकर संक्रांति उत्सव,15 जनवरी से 29 फरवरी तक आयोजित होने वाले राजस्व महाअभियान,गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## समय पर दायित्वों का निर्वाहन नहीं करने वाले अधिकारियों को लगाई फटकार

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इला तिवारी व्दारा सर्व शिक्षा अभियान के तहत जिला शिक्षा केंन्द्र व्दारा संचालित गतिविधियो की विस्तार से समीक्षा की गई तथा निर्धारित समयावधि में दायित्वो का निर्वाहन नही करने वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। बैठक में फैकेल्टी डाईट सुशील मिश्रा, प्रोग्रामर राम प्रमोद पाण्डेय, एपीसी, शेख गफ्फार, लक्ष्मी पटेल, गोपाल प्रसाद गोयल, राकेश निगम, जिला सह समन्वयक संतोष कुमार गौतम, निपुण भारत समन्व्यक विवेक कुमार उपस्थित रहें। बैठक में पाया गया कि एफएलएन की पुस्तकें पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं कराई गई है। एपीसी ईएण्डआर को सीईओ जिला पंचायत के माध्यम से पत्र भेजने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश के अनुरूप ही मानिटरिंग की जायें। मानीटरिंगकर्ता व्दारा डाटा एपीसी अकादमी व्दारा मानीटर की जाये सभी योजनाओ के डाटा भी अवाश्यक रूप से उपलबध कराने के निर्देश दिये गये रिजल्टो के लिये चिन्हित स्कूल तथा छात्रावासो को लक्ष्य बनाया जाये। विशेष परीक्षाओ जेएनव्ही परीक्षा, एनएमएमएस, ओल्पीयार्ड एक्सीलेंस, श्रमोदय आदि की परीक्षा मे छात्रावास में रहने वाले शत-प्रतिशत विद्यार्थियो की सहभागिता सुनिश्चित की जायें। अनमैपड बच्चो की जानकारी तत्काल दी जाये तथा शाला त्यागी बच्चों की जानकारी बीआरसी से नही प्राप्ति होने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। वर्ष 2019-20 में जिले के 5 स्कूलो के आइटीई फीस के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र को पत्र लिखा जाए। प्रत्येक छात्रावास में क्रय समिति, प्रबंधन समिति कर गठन किया जाये तथा पारदर्शिता हेतु कैश बुक लेजर एवं अन्य पंजीयों के संधारण हेतु एपीसी जेंण्डर को निर्देशित किया गया है। सीएमचओ के सहयोग से छात्रावासो में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर प्रतिमाह आयोजित किये जाये। प्रत्येक हास्टल मे प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था एपीसी जेंण्डर सुनिश्चित करायेंगे। एफएलएन मानिटरिंग की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा बीआरसी पाली को नोटिस देने के निर्देश दिये गये। बीएसी के प्रतिनियुक्ति की फाईल स्थापना शाखा से संचालित कराने के निर्देश दिये गये। अंत में सीईओ जिला पंचायत व्दारा संपूर्ण स्टाफ को पूरे निष्ठा एवं ईमानदारी से काम करते हुये आगामी दो महीनो मे बेहतर परिणाम देने के निर्देश भी दिये गये।

## खबर संक्षेप

### 13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर

**पन्ना**। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत मतदान केंद्रों में 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन और दावे-आपत्तियां प्राप्त करेंगे। समस्त विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विशेष कैंप की तिथियों में मतदान केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिये गए हैं।

### नगर के वॉर्ड क्र 8 में 100 मी सीसी सड़क का हुआ भूमि पूजन



**पवई**। नगर परिषद पवई के वार्ड क्रमांक 8 नाला पार बुधवार को लगभग चार लाख की लागत से बनने वाली 100 मीटर सीसी सड़क का भूमि पूजन नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत मंडल अध्यक्ष मधु गुलाब सोनी व अन्य जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पूरे विधि विधान के साथ में किया गया नगर के अन्य वार्डों में भी इसी तरह के निर्माण कार्य शुरू हो रहे हैं, जिनका भी जल्दी ही भूमि पूजन किया जाएगा। बता दें कि लंबे समय से वार्डवासी सीसी सड़क की मांग कर रहे थे, बारिश के मौसम या थोड़ी सी बारिश हो जाने से कीचड़ में लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इस मोके पर में पुष्पेंद्र पटेल दीपेंद्र सिंह और निधि पटेरिया सीपी गौतम संदीप खरे अजित बढोलिया विकल राजा ,देवी खटीक सहित पत्रकार वार्ड बासी मौजूद रहे।

### गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण कार्यक्रम

**पन्ना**। पन्ना जिले में गुरूवार, 11 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा 10 ग्राम पंचायत क्षेत्र में भ्रमण करेगी। पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत फुलवारी एवं सुन्दरा, अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जैतुपुर एवं सीलौना, गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बंधौरा एवं धरवारा, पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हरदुआव्यारमा एवं बनौली तथा शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लमतरा एवं बीजाखेड़ा में यात्रा का आगमन होगा।

### गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक 12 जनवरी को

**पन्ना**। कलेक्टर हरजिंदर सिंह की अध्यक्षता में 12 जनवरी को सुबह 11.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक होगी। समिति के सचिव डॉ. डी.पी. तिवारी ने बैठक में समिति सदस्यों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### नोडल अधिकारी की नियुक्ति

**पन्ना**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत निर्वाचन व्यय निगरानी के लिए जिला नोडल अधिकारी की नियुक्ति की है। जिला पेंशन अधिकारी ओ.पी. गुप्ता को तत्काल प्रभाव से लोकसभा निर्वाचन के लिए निर्वाचन व्यय निगरानी का जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है।

---

पड़ोसी जिलों में क्रमोन्नति के लाभ के आदेश जारी होना चर्चा में, पन्ना जिले में लचर कार्यप्रणाली के चलते लाभ से शिक्षकों को कब तक रखा जायेगा वंचित

# शिक्षकों की क्रमोन्नति के आदेश आखिर कब होंगे?

परीक्षा में परिणाम को लेकर जिम्मेदार अधिकारी शिक्षकों के ऊपर सतत जोर देने का कार्य करते है। वहीं शिक्षकों को जहां क्रमोन्नति के आदेश से लाभ जो होना है उससे उन्हें वंचित रखे जाने के हालात क्यों? वहीं 5 अक्टूबर 2023 को आदेश हुए थे क्रमोन्नति को लेकर वहीं पड़ोसी जिलों में शिक्षकों को लाभ भी सुनिश्चित हुआ पन्ना जिला में अभी भी कार्यप्रणाली प्रक्रिया में आचार संहिता लगने का क्या है इंतजार।

**पन्ना**। जिले में कार्यप्रणाली शिक्षा विभाग की अलग ही चर्चा में है। जहां शिक्षकों के क्रमोन्नति को लेकर 5 अक्टूबर 2023 का आदेश हुआ फिर भी शिक्षकों को आज तक क्रमोन्नति का लाभ नहीं दिया जा रहा। और न ही आदेश क्रमोन्नति के हो सके। जबकि पडोसी जिलों में शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ मिलने के लिए आदेश भी जारी हो चुके है। जहां शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ मिलने लगा पन्ना जिले में आखिर लचर कार्यप्रणाली के चलते शिक्षक क्रमोन्नति के लाभ से वंचित है। जबकि शिक्षकों से कहीं न कहीं उनके दायित्वों को लेकर तत्परता से परीक्षा परिणाम या अन्य कार्यों में जवाबदेही को लेकर जहां जिम्मेदार अधिकारी टारगेट के रूप में लेते है वहीं जहां शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ मिलना चाहिए आखिर आज दिनांक तक क्यों वंचित है। क्या यह कार्यप्रणाली जहां शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों की स्वमेव अपने दायित्व निर्वाहन को लेकर प्रश्न चिन्ह नहीं है। जबकि पड़ोसी जिलों में शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ कैसे संभव हो गया। क्या जिले में आचार संहिता का इंतजार है ताकि शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ अभी भी मिलना



सुनिश्चित न हो सके। आखिरकार ये हालात किसकी कार्यप्रणाली के चलते बने हुए है कौन जिम्मेदार है क्या विभाग प्रमुख संबंधित क्रमोन्नति मिलने वाले शिक्षकों को समय रहते क्रमोन्नति का लाभ देने के लिए आदेश कराने की प्रक्रिया को अंजाम दे सकेगें। या कि शिक्षकों को इसी तरह लाभ से वंचित रखा जायेगा। अपने आप में जो बड़ा सवाल है। आखिर शिक्षा विभाग की लचर कार्यप्रणाली कब सुदृढ़ होगी इसका जिम्मेदार कौन है जहां अपनों को ही परेशानी के हालात में स्वयं से रखने के लिए जाना जाता है। जिसको लेकर शिक्षकों में असंतोष के हालात बने रहते है। आखिर कब शिक्षा विभाग में इस तरह की कार्यप्रणाली पर विराम लगेगा।

गौरतलब बात यह है कि समूचे जिले में जहां शिक्षा विभाग में क्रमोन्नति के लाभ से शिक्षकों को वंचित रखना कहां तक लाजमी है संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए आचार संहिता के पहले जितने संकुल स्तर में कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है उन्हें लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया को अंजाम देना क्या गुनाह है जिन संकुलों में कार्य लंबित है उन्हें निश्चित समय तक कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया जाना कब संभव होगा। आखिर शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ जब अन्य जिलों में मिलना सुनिश्चित हो चुका है तो हमारे जिले में शिक्षकों के साथ यह कब तक प्रक्रिया में ही रखा जायेगा। आखिर कुछ समय बाद आचार संहिता प्रभावशील हो जायेगी। और शिक्षक क्रमोन्नति के लाभ से वंचित रह जायेगें। इसका जिम्मेदार कौन होगा? जिले के शिक्षा विभाग के मुखिया व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से जहां सम्पूर्ण शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ समय पर मिलने की प्रक्रिया की कार्यवाही की उम्मीद की जा रही है ताकि शिक्षकों में अपने विभाग के प्रति कहीं न कहीं आस्था बरकार साबित हो।

# अमानगंज थाना क्षेत्र में मोटर साईकिल चोरी करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

### आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटर साईकिल की गई जप्त

**अमानगंज**। फरियादी गुलजारी अहिरवार पिता सोखीलाल अहिरवार उम्र 40 साल निवासी बरहा थाना गुनौर जिला पन्ना द्वारा थाना अमानगंज आकर लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि दिनांक 27/12/23 को गुन्जईयां रोड शराब ठेका के सामने अपनी ग्लैमर मोटर साईकिल क्र. डच 3ऱ्5 ठ0189 खडी कर किराना का सामान लेने लगा जब सामान लेकर वापस आया तो मोटर साईकिल नही मिली कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी मोटर साईकिल चोरी कर ले गया है उक्त आवेदन पर थाना अमानगंज मे चोरी का अपराध क्र. 04/24 धारा 379 ताहि कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही दृ उक्त घटना की जानकारी थाना प्रभारी अमानगंज के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई जिसमे पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा



एस. थोटा द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी अमानगंज एवं सायबर सेल टीम को त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं एसडीओपी गुनौर श्री ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अमानगंज के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया एवं आरोपी की तलाश की गई। इसी तारतम्य मे दिनांक 08.01.2024 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गोपाल ढावा के बाहर बांदकपुर में उक्त मोटर साईकिल खडी है। जो मुखबिर की सूचना एवं सायबर सेल की सहायता से आरोपी अजय उर्फ पोली चनपुरिया पिता मनबहोरन चनपुरिया निवासी महेबा के कब्जे से गोपाल ढावा ग्राम बांदकपुर जिला दमोह से ग्लैमर मोटर साईकिल जप्त की गई एवं आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पन्ना पेश किया गया।

### सराहनीय योगदान

थाना प्रभारी अमानगंज उ.नि. महेन्द्र सिंह भदौरिया, सायबर सेल प्रभारी उ.नि. अनिल सिंह राजपूत, सउनि नाथूराम पांडेय , प्र.आर. रज्जाक खान पीआर.राजीव मिश्रा, रामभगत पांडेय़, आर. हेमन्त सिंह, द्वारका प्रसाद एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# पन्ना पुलिस द्वारा 3 वर्ष से फरार चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमानगंज**। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस.थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने दृअपने थाना क्षेत्र के फरारी स्थाई ,गिरफ्तारी वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाकर गिरफ्तार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया था। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी अमानगंज महेन्द्र सिंह भदौरिया को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की उक्त आरोपी द्वारी बस स्टेण्ड के पास घूम रहा है। मुखविर सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं एसडीओपी गुनौर श्री ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अमानगंज महेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व मे टीम रवाना किया गया जहां मौके से थाना अमानगंज के अपराध क्रमांक 424/21 धारा 379 भा.द.वि. मे 03 बर्ष से फरार चल रहे चोरी के आरोपी जीतेन्द्र मुडहा पिता अवधलाल मुडहा उम्र 23 साल निवासी कोहनी थाना कोतवाली पन्ना को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पन्ना पेश किया गया है। थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया, प्र.आर. राजीव मिश्रा, रामभगत पांडेय, मेहरबान सिंह, आरद्वारका प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा।

### बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की कार्यशाला आज

**पन्ना**। महिला सशक्तिकरण सप्ताह अंतर्गत गुरूवार, 11 जनवरी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला वन स्टॉप सेन्टर पन्ना में होगी।

# पन्ना पुलिस द्वारा अपहृता को सोहना हरियाणा से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**अमानगंज**। पुलिस अधीक्षक पन्ना सांई कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना /चौकी प्रभारियों को अपहृत बालक-बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी करने हेतु निर्देशित किया गया है। पूर्व में दिनांक 30.11.23 को फरियादी द्वारा थाना अमानगंज आकर रिपोर्ट की गई कि उसकी नाबालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 510/23 धारा-363 ताहि का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी अमानगंज द्वारा उक्त अपराध के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी गयी जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस. थोटा के द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति आरती सिंह एवं एस.डी.ओ.पी. गुनौर श्री ग्लेडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की जाकर तत्काल अपहृता को दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर अपहृता की तलाश की गई , मुखविर सूचना एवं सायबर सेल पन्ना से प्राप्त जानकारी के आधार पर अपहृता को सोहना हरियाणा से सकुशल दस्तयाब किया जाकर विधिवत कार्यवाही कर परिजनो के सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी अमानगंज उ.नि. महेन्द्र सिंह भदौरिया , सउनि आर. एन. कोल, प्र.आर. राजीव मिश्रा, महिला आर. उमा श्री एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# जन्म-मृत्यु पंजीकरण अनिवार्य

### अधिनियम के नवीन संशोधन अनुसार कार्यवाही के निर्देश

**पन्ना**। जिला योजना अधिकारी एवं जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) द्वारा जन्म-मृत्यु का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने के संबंध में अवगत कराया गया है। सहायक सांख्यिकी अधिकारी राजीव पटेल ने बताया कि जन्म-मृत्यु तिथि से 21 दिवस तक ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत सचिव और नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सिविल सर्जन और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत नियुक्त रजिस्ट्रार/उप रजिस्ट्रार द्वारा आवेदक को निःशुल्क प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है, जबकि जन्म-मृत्यु घटना घटित होने के 21 से 30 दिन की अवधि में धारा 13(1) के तहत एक रूपए विलंब शुल्क के साथ संबंधित ग्रामीण, नगरीय, स्वास्थ्य अंतर्गत नियुक्त रजिस्ट्रार एवं उप रजिस्ट्रार द्वारा आवेदक को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इसी तरह जन्म-मृत्यु के 30 दिन से एक वर्ष की अवधि के अंदर आवेदक द्वारा स्वसत्यापित दस्तावेज और निर्धारित शुल्क का भुगतान किए जाने पर नगरीय निकायों में जिला रजिस्ट्रार (जिला योजना अधिकारी) और ग्रामीण निकायों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की लिखित अनुमति के उपरांत नियुक्त रजिस्ट्रार/उप रजिस्ट्रार द्वारा आवेदक को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। इसी तरह एक वर्ष से अधिक अवधि के पश्चात कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर ग्रामीण व नगरीय निकायों में नियुक्त रजिस्ट्रार व उप रजिस्ट्रार द्वारा आवेदक को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) हरजिंदर सिंह द्वारा सभी रजिस्ट्रार, तहसीलदार एवं नगरीय निकायों के सीएमओ और जनपद पंचायत सीईओ को 01 अक्टूबर 2023 से प्रभावशील जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 में संशोधन उपरांत लागू अधिनियम 2023 के तहत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि जन्म प्रमाण पत्र का उपयोग शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश, ड्राइविंग लायसेंस जारी करने, विवाह पंजीकरण, केन्द्र व राज्य सरकार या किसी स्थानीय निकाय एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एवं केन्द्र अथवा राज्य सरकार के अधीन किसी वैधानिक या स्वायत्त निकाय में किसी पद पर नियुक्ति, पासपोर्ट जारी करने, आधार संख्या जारी करने और अन्य उद्देश्यों के लिए होता है।



# लाड़ली बहना लाभार्थियों को मिली मासिक आर्थिक सहायता राशि

**पन्ना**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की महिला हितग्राहियों को मासिक आर्थिक सहायता राशि की 8वीं किश्त का अंतरण किया। महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेन्टर में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस मौके पर जिला मुख्यालय सहित नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के वार्डों व ग्राम पंचायतों में भी उपस्थितजनों द्वारा लाइव प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री के उद्बोधन को देखा व सुना गया। योजना में जिले की एक लाख 86 हजार 426 लाड़ली बहनाओं के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से 22 करोड़ 80 लाख रूपए का भुगतान किया गया। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में जिला कलेक्टर हरजिंदर सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय, जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाएं भी उपस्थित थीं।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

**पन्ना**। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्म दिन युवा दिवस के मौके पर सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजित होगा। विद्यालयों, महाविद्यालयों, आश्रम शालाओं और ग्राम पंचायतों में स्वामी विवेकानंद पर केनद्रित प्रेरणादायक शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों की मदद से अधिक से अधिक जनभागीदारी को सुनिश्चित किया जायेगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। सामूहिक सूर्य नमस्कार 12 जनवरी को प्रातः 9 से 10.30 बजे तक होगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री के संदेश का प्रसारण और सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम होगा। निर्देशों में कहा गया है कि सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में कक्षा-1 से 5 तक के बच्चों को शामिल न किया जाये। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा, जनजातीय कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, वन, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता, तकनीकी शिक्षा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाये। स्कूल शिक्षा विभाग ने अपने परिपत्र के जरिये सूर्य नमस्कार के लिये 12 मुद्राओं की जानकारी भी भेजी है। परिपत्र के जरिये शामिल होने वाले प्रतिभागियों को योग के महत्व के बारे में भी बताये जाने के लिये कहा गया है।

# वैश्य महासम्मेलन की जिला कार्यकारणी की बैठक का आयोजन 13 को मोहन राज विलास होटल में दोपहर 1 बजे से - मनोज केशरवानी

**पन्ना**। वैश्य महासम्मेलन पन्न के जिलाध्यक्ष मनोज केशरवानी ने बताया कि वैश्य महासम्मेलन की ज़लिा कार्यकारणी की बैठक 13 जनवरी, 2024 को दोपहर 01 बजे से स्थान मोहन राज विलास होटल में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश संगठन मंत्री सुधीर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में एवं वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री गोविन्द दास असाटी की अध्यक्षता में सम्मपन्न होगी। जिसमें सम्मेलन की आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा, विचार-विमर्श होगा तथा सम्मेलन को सक्रिय बनाने की दिशा में बल दिया जायेगा। श्री केशरवानी ने बताया कि बैठक में वैश्य महासम्मेलन से जुड़े जिला, तहसील के पदाधिकारियों के साथ ही महिला इकाई एवं युवा इकाई के पदाधिकारी भी सम्मिलित होंगे। वैश्य महासम्मेलन पन्ना जिलाध्यक्ष मनोज केशरवानी ने निश्चित समय पर सभी से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।



# तस्करी करते पशु तस्कर शाहनगर पुलिस की गिरफ्त में



**पवई**। बीती रात्रि जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना प्राप्त हुई कि कलकत्ता का एक कन्टेनर बिसानी के जंगल मे गौवंश लोड होकर कटनी की तरफ जा रहा है। तभी पवई से जिला संयोजक बजरंग दल से रंजीत सिंह व मंकु श्रीवास्तव, बिसानी से सुमित तिवारी, लाखन सिंह बीरू यादव व टिकरिया बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने टिकरिया ढाबा के पास ट्रक पकड़कर पुलिस को सूचना दी। जो गाड़ी क्रमांक 1384 ड्राईवर अयूब गुल शेख ड्राइवर द्वारा कंटेनर में ठूस ठूस कर गौवंश भरकर केरला जा रहा था तभी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ट्रक को पकड़वाया। मौका स्थल से प्राप्त जानकारी अनुसार जैसे ही मामले की जानकारी शाहनगर थाना पुलिस को लगी तो थाना प्रभारी सुयश पांडेय, एएसआई अवध सिंह,आरक्षक दिनेश सिंह यादव व रविन्द्र कुमार ने मौके पर पहुंच कर अग्रिम कारवाही कर कन्टेनर को गौ सदन पवई भिजवाया साथ ही आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

# ग्राम पंचायत करहिया पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

### विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को दी जानकारी

**गुनौर**। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गुनौर विधानसभा के भाजपा कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारी गांव गांव में जाकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं में विकसित भारत यात्रा को संकल्पित रूप पूरा करने के उद्देश्य को सराहनीय पहल से ग्राम पंचायतों मैं शिविर लगाकर योजनाओं के जन कल्याणकारी विकसित भारत को सकारात्मक दिशा हेतु संकल्पित नेतृत्व को जनता के बीच में सरोकार कर रहे हैं इसी क्रम में ग्राम पंचायत करहिया और बंधुर में शिविर



आयोजन में पहुंचे उन्होने कहा सरकार की लोक जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल में लाभ देने के लिए यह पंडाल लगाए जा रहे है सरकार का प्रयास है कि अंतिम छोर में रह रहे गरीब को लाभ मिले, बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पंचायत वार कैंप के माध्यम से बड़े स्तर पर मुहिम चलाई जा रही है की कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित न रह सके अंत्योदय के सपनों को साकार करना भाजपा सरकार की गारंटी है। ये मोदी की गारंटी का रथ हर पंचायत में पहुंच रहा है सरकार की मंशा है इस अवसर भाजपा नेता श्रीकांत त्रिपाठी, अंगद प्रजापति जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, राम शिरोमणि पांडेय, कुट्टू महाराज, छोटू पटेल, सुनील दुबे, चतुर, राजू मिश्रा, सरपंच नरेंद्र सिंह बुंदेला, उपसरपंच सरोज बाई आदिवासी, सचिव सुरेंद्र सिंह, रोजगार सहयक विश्वनाथ प्रताप सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी सहित भाजपा कार्यकर्त्ता एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### स्मार्ट क्लास सह लाईब्रेरी का कलेक्टर एवं जिपं सीईओ ने लिया जायजा



**अनूपपुर।** नगर परिषद जैतहरी द्वारा स्थानीय युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए नवाचार के तौर पर प्रारंभ किए गए डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम स्मार्ट क्लास सह लाईब्रेरी का कलेक्टर आशीष वशिष्ठ तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने अवलोकन किया। नगर परिषद जैतहरी के अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने स्मार्ट क्लास सह लाईब्रेरी के संबंध में जानकारी दी। स्मार्ट क्लास सह लाईब्रेरी में उपस्थित छात्र-छात्राओं से स्मार्ट क्लास की पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली तथा बच्चों को मन लगाकर परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया।

### ग्राम बर्री पहुंच कलेक्टर ने जन-मन सर्वेक्षण कार्य का लिया जायजा



**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने ग्राम पंचायत बर्री में प्रधानमंत्री जन-मन योजना के सर्वे कार्य का निरीक्षण किया तथा प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी स्टॉफ से ली। उन्होंने हितग्राहियों से भी चर्चा की। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों के वंचित लोगों के आयुष्मान कार्ड और आधार कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए, ताकि इन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### चार साल से जेल में बंद बेटे को रिहा कराने के नाम पर ठगे तीन लाख 63 हजार




**अनूपपुर।** जिले के जैतहरी में ग्रामीणों से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने किसान नेता राकेश टिकैत से पहचान बताकर तीन लाख 63 हजार रुपए ले लिए। ग्रामीणों ने दो जालसाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपियों ने जेल में बंद युवक को रिहा कराने के नाम पर रुपए लिए थे। कई दिनों तक ग्रामीण को चकमा देते रहे। इसके बाद फोन नंबर ब्लॉक कर दिया। ठगी का एहसास होने पर पीड़ति के द्वारा इसकी शिकायत जैतहरी थाने में दर्ज कराई है। इस पर पुलिस ने दोनों जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जैतहरी थाना अंतर्गत ग्राम धनगवां निवासी शिकायतकर्ता संगीता शर्मा पिता गणेश शर्मा (60) ने बताया कि राजीव राय पिता गुरु प्रसाद राय (41) निवासी मलगा महिला के पति गणेश प्रसाद शर्मा के पास पहुंचे। उन्हें आश्वासन दिया कि वह न्यायालय के मजिस्ट्रेट का करीबी है। किसान नेता टिकैत का भी करीबी है। वह 5 लाख में गणेश प्रसाद शर्मा के बेटे बबलू उर्फ कन्हैया प्रसाद शर्मा की जमानत कराकर जेल से निकाल देगा। उनका बेटा चार साल से जबलपुर जेल में है। उसे केस में दोष मुक्त करा देगा। उसने 3 लाख 63 हजार रुपए अपने दोस्त राजेश कुमार दुबे पिता महावीर प्रसाद दुबे (32) निवासी मलगा के खाते में ले लिए। इसके पश्चात कई दिनों तक पीड़ति को वह काम होने का झांसा देते रहे तथा मोहलत मांगते रहे। जैतहरी थाना प्रभारी प्रकाश चंद्र कोल ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया वहां से जेल भेज दिया है।

### खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के विरूद्ध हुई कार्यवाही

**अनूपपुर।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा 15 दिसम्बर 2023 से 08 जनवरी 2024 तक आकस्मिक क्षेत्र भ्रमण कर वाहनों की नियमित चेकिंग कर

---

22 जनवरी को अयोध्या राम लला के साथ छतरपुर में होगी लड्डू गोपाल की प्राण-प्रतिष्ठा

# भारत की सबसे बड़ी लड्डू गोपाल की प्रतिमा जिसकी ऊंचाई 33 इंच, वजन 111 किलो होगा



**छतरपुर।** अयोध्या में लगभग 500 वर्ष की प्रतीक्षा के बाद जन-जन के आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामलला सरकार की भव्य मंदिर में प्रतिष्ठा होना है। आगामी 22 जनवरी को छतरपुर वासियों के लिए यह खुशी दोगुनी होने वाली है। यहां भी बहु प्रतीक्षित लड्डू गोपाल मंदिर में भगवान लड्डू गोपाल व राधा-कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा होना है। जिसके लिए तैयारियां लगातार जारी है। श्रीराम सेवा समिति छतरपुर के संयोजक राकेश तिवारी ने बताया की समिति के सभी लोग वर्ष 2012 से लड्डू गोपाल मंदिर के काम में लगे हुए हैं ,और आज वह कामयाबी ईश्वर की कृपा से हासिल हो पा रही है। गूगल में सर्च करने और कई सूत्रों और सोशल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सर्च करने के बाद ही पता चला कि राजस्थान के बाद छतरपुर में भारत की लड्डू गोपाल जी की प्रतिमा छतरपुर में स्थापित होगी। स्थानीय पुलिस लाईन रोड पर भगवान लड्डू गोपाल का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। जिसमें आगामी 19 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। 19 जनवरी को कलशयात्रा, पंचांग पूजन व अग्निस्थापन, 20 को प्रतिमाओं का अधिवास, 21 को विविध कलशजल स्नान व हजारा भरा जाएगा और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा, हवन शांति के साथ प्रसाद वितरण होगा।



### 19 जनवरी को नंदीबाला मंदिर से कलशयात्रा की होगी शुरुआत और लड्डू गोपाल में समापन -

श्री लड्डू गोपाल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत 19 जनवरी को ग्वालमगरा तालाब स्थित नंदीबाला मंदिर से भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। यह कलशयात्रा चौक बाजार, महल रोड, छत्रसाल चौक होते हुए लड्डू गोपाल मंदिर पहुंचेगी। तत्पश्चात आगामी 4 दिन प्रतिष्ठा की पूजा-अर्चना चलेगी। कलशयात्रा में रथ पर भगवान लड्डू गोपाल जी विराजमान रहेंगे। बग्गी में सजीव झांकी, डीजे, बैंड आदि के साथ महिलाएं कलश लेकर साथ चलेंगी और बड़ी संख्या में जिले वा आस-पास से श्रृद्धालु जन शामिल होंगे। ज्ञात हो कि छतरपुर नगर में बहुप्रतीक्षित लड्डू गोपाल मंदिर में भारत की अब तक की सबसे बड़ी अष्टधातु से निर्मित प्रतिमा स्थापित होने जा रही है। प्रतिमा को देश में ख्याति प्राप्त स्थानीय कलाकार दिनेश शर्मा ने गढ़ा है। जिसका वजन लगभग 111 किलो एवं ऊंचाई लगभग 33 इंच है। श्रीराम सेवा समिति ने सभी धर्मप्रेमी माताओं, बंधुओं से कलशयात्रा व संपूर्ण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

---




## 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को 341 करोड़ की पेंशन और आर्थिक सहायता अंतरित

### महिला सशक्तिकरण और युवा ऊर्जा पर केंद्रित होगा 10 से 15 जनवरी तक चलने वाला उत्सव

**छतरपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाड़ली बहनों को मकर संक्रांति पर जारी की जा रही राशि का उपयोग वे अपने परिवार को आगे बढ़ाने तथा सबको साथ लेकर चलते हुए परिवार के सभी सदस्यों के हित में करें। यह राशि राज्य सरकार की ओर से इसी उद्देश्य से उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्रदेश की एक करोड़ 29 लाख बहनों के खातों में 1576.61 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित करने के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में छतरपुर जिले के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर संदीप जी.आर., महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजीव सिंह सहित अन्य अधिकारीगण, लाड़ली बहनें एवं पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राही वर्चुअली जुड़े रहे। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिले की पंचायतों एवं निकायों के वार्ड में दिखाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 10 से 15 जनवरी तक चलने वाले मकर संक्रांति उत्सव का शुभारंभ भी किया। यह उत्सव महिला सशक्तिकरण एवं युवा ऊर्जा पर केन्द्रित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को 341 करोड़ की पेंशन और आर्थिक सहायता का अंतरण भी सिंगल क्लिक से किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने महिला, किसान, युवा और गरीब इन चार जातियों के उत्थान पर बल दिया है। राज्य सरकार इन सभी के उत्थान व सशक्तिकरण के संकल्पित है। उनके द्वारा बनाई और क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाएं सभी देशवासियों के खुशहाल और स्वस्थ जीवन का मार्ग प्रशस्त करती हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की दृष्टि और प्रबंधन के पड़ोसी देश भी प्रशंसक हैं।

### 9 फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक छतरपुर अमित सांघी ने 9 फरार आरोपियों को पकड़वाने या सूचना देने के संबंध में नगद पुरस्कार घोषित किया है। फरार आरोपी विशला अहिरवार, अरविन्द उर्फ कल्लू अहिरवार, अरबिन्द अहिरवार, नीरज खटीक, मनोज खटीक, अरबिन्द खटीक निवासीगण ग्राम झमटुली थाना बमीठा, आकाश पिता शिवराम पटेल उम्र 22 साल एवं राधे उर्फ राधेश्याम सक्सेना पिता स्व. मुरलीधर सक्सेना उम्र 46 साल निवासी ग्राम ननौरा थाना श्रीनगर जिला महोबा (उ.प्र.) पर 3-3 हजार रूपए और एक अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है।

---

जैगपिन ब्रेवरीज कॉक्स डिस्टलरी का मामला...

## बिहार के परिजनों की मौजूदगी में तीन सदस्यीय डॉक्टर पैनल ने किया पीएम



### 2 दिन से फैक्ट्री में शराब उत्पादन बंद

**नौगांव।** शहर में संचालित शराब फैक्ट्री में मंगलवार की सुबह हुए हादसे के बाद बुधवार सुबह आए मृतक के परिजनों की मौजूदगी में तीन सदस्यीय डॉक्टर पैनल ने दोनों शव का पीएम किया। पीएम के बाद डॉक्टर पैनल ने विसरा, ब्लड सैंपल सहित अन्य आवश्यक सैंपल जमा किए। डॉक्टर पैनल में शामिल सीबीएमओ डॉक्टर रविंद्र पटेल ने आज गुरुवार को शॉर्ट पीएम रिपोर्ट पुलिस को सौंपने की बात कही है।
जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड यानि कॉक्स डिस्लरी शराब फैक्ट्री में एसएसबी बेल्डिंग (फिटर) का कार्य करने वाले मजदूर मंगलवार की सुबह कैम्पस के अंदर ही बने निवास में अचेत अवस्था में मिले थे, जिसमें से दो मजदूरों की मौत हो गई तो वहीं तीन गभीर मजदूरों का प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। इसके बाद पुलिस एवं प्रशासन की टीम ने दोनों मजदूर के शव को पीएम के लिए भेजा। लेकिन परिजन के न होने के चलते मंगलवार को पीएम नहीं हो सका। जिसके बाद मृतक पवन के पिता लालजी राम निवासी खरौनी जिला गोपालगंज थाना मीरगंज बिहार एवं दूसरे मृतक चंद्रप्रकाश उम्र 18 वर्ष के पिता सुखारीपाल निवासी खैराट थाना खामपार, जिला देवरिया उत्तर प्रदेश के पहुंचने पर बुधवार की सुबह पुलिस एवं प्रशासन के द्वारा दोनों शवों का पीएम कराया गया। सिविल अस्पताल के सीबीएमओ डॉक्टर रविंद्र पटेल, डॉक्टर विक्रम सिंह यादव एवं डॉक्टर गौरव त्रिपाठी के पैनल ने दोनों शवों का पीएम किया। इस दौरान पैनल टीम ने शव से बिसरा, ब्लड सैंपल सहित अन्य आवश्यक सैंपल लिए। तो वहीं सूत्रों के मुताबिक दोनों मृतकों के शरीर पर किसी तरह के चोट, करेंट लगने, मारपीट आदि के लक्षण नहीं पाए गए। हालांकि डॉक्टर पैनल टीम के सीबीएमओ डॉक्टर रविंद्र पटेल का कहना है कि टीम के द्वारा बुधवार को सॉर्ट पीएम रिपोर्ट पुलिस को सौंप देगी। तो वहीं विस्तृत पीएम रिपोर्ट के लिए विसरा रिपोर्ट को लैब टेस्ट में भेजा जाएगा। जहां से रिपोर्ट आने के बाद ही मृतकों की मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। मंगलवार को हुए हादसे के बाद से फैक्ट्री बंद है। फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर दो दिन से काम पर नहीं पहुंचे हैं। जिसके बाद से दो दिन से फैक्ट्री में शराब का उत्पादन नहीं हो रहा है।

### क्या है मामला -

जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड यानि कॉक्स डिस्लरी शराब फैक्ट्री में एसएसबी बेल्डिंग (फिटर) कार्य करने वाले मजदूर कार्य करने के बाद फैक्ट्री के अंदर ही निवास करते हैं। सोमवार को कार्य करने के बाद रात में मजदूर खाना खाकर सो गए। मंगलवार की देर सुबह जब मजदूर फैक्ट्री में काम करने नहीं पहुंचे, तो अन्य मजदूर उन्हें बुलाने गए। लेकिन काफी देर तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो मजदूरों ने पीछे खिड़की से झांककर देखा तो मजदूर अचेत अवस्था में पड़े थे। डिस्लरी मैनेजर वीरेंद्र सिंह भदौरिया की सूचना पर एसडीओपी चंचलेश मरकाम, तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी, नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह ने प्रशासनिक एवं पुलिस अमले के साथ मौके कर पहुंचकर 108 एंबुलेंस की मदद से अचेत पड़े 5 मजदूरों को सिविल अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद दो मजदूरों को मृत घोषित किया, तो वहीं तीन घायलों को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया था। पुलिस ने एफएसएल डॉक्टर प्रदीप यादव से भी मामले की बारीकी से जांच कराते हुए जरूरी साक्ष्य जुटाए। इसके बाद एफएसएल प्रभारी डॉक्टर यादव ने भी प्रथम दृष्टया मजदूरों हालत बिगड़ने पर कमरे के अंदर ऑक्सीजन लेवल का कम होना बताया। डॉक्टर के मुताबिक कमरे में सिगड़ी जल रही थी, जिसके चलते ऐसा प्रतीत होता है कि सिगड़ी के जलने से कमरे की ऑक्सीजन कम हो गई और कार्बन डाई ऑक्साइड बढ़ गई, जिस कारण से दम घुटने से मजदूरों की हालत खराब हुई और इसके बाद दो की मौत हुई है।

**इनका कहना है –**
फैक्ट्री में मजदूरों के न आने के कारण 2 दिन से शराब का उत्पादन बंद है।
**हसन गोहिया एडीओ, आबकारी विभाग छतरपुर**

---

## सेमी फाइनल में 10 कवियों ने मारी बाजी



**नौगांव।** नगर में 182 वें नौगांव स्थापना दिवस के तहत सर्वश्रेष्ठ कवि का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसके चलते एंजेल पब्लिक स्कूल में सेमीफाइनल का मुकाबला हुआ जिसमें 15 कवियों ने अपनी अपनी कविता का काव्य पाठ किया। दोनों राउंड में हुए काव्य पाठ में सभी को अंक के आधार पर टॉप 9 कवियों को चुना जिसमें आखिरी में दो कवियों के बीच में टाई होने के कारण अब 10 कवियों के बीच में आज 11 जनवरी को तक्षशिला चौराहे पर फाइनल मुकाबला होगा। जिसमें शैलेंद्र खरे, खेमराज राज, रितेश पटेरिया, आलोक गुप्ता, कुशल तिवारी, मधुर शाश्वत, कुलदीप पाठक, ओम यश तिवारी, शुभांशु और केशव नायक के बीच फाइनल मुकाबला होगा जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कवियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में रिटायर्ड इंजी सीबी त्रिपाठी, अमर सिंह राय और सावन दीक्षित रहे, कवि सम्मेलन का संचालन कवि प्रेमनारायण बबलू चौबे ने किया, कार्यक्रम के दौरान स्थापना दिवस समिति के संयोजक अभिषेक त्रिपाठी, अभय तिवारी, दिवाकर पटेरिया , राहुल रूसिया, रानू राजा, महेश साहू, भूपेंद्र गुप्ता मौजूद रहे।

### 182 साइकिल की नगर में निकली रैली

नौगांव अपना 182 वा जन्मदिवस दिवस के रूप में मना रहा है जिसमें स्थापना दिवस समिति के द्वारा हृदेश रावत और कुलदीप यादव के नेतृत्व में 182 साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली आर्मी कॉलेज कश्मीर रोड से प्रारंभ हुई जिसमें एनसीसी कैडेट्स, डॉक्टर्स, स्टूडेंस सहित नगर के गरिमान्य नागरिक साइकिल चलाते हुए नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए तक्षशिला चौराहे पहुंचे जहां पर साइकिल रैली का समापन किया गया। समापन के दौरान सभी देश भक्ति गीत पर जमकर झूमे इस दौरान समिति के संयोजक और समस्त सदस्य मौजूद रहे।

## पचरीपानी के निवासियों को मिल सकेगी आवागवन की सुविधा

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय अनूपपुर से 12 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत लखनपुर के बैगा बाहुल्य पचरीपानी टोला में बैगा समाज के ग्रामीण जो लगभग 80 वर्ष पूर्व से चारों ओर से घिरे वनक्षेत्र में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं जहां तक पहुंचने के लिए वर्तमान समय तक पक्का मार्ग एवं नाला में पुल न होने के कारण वर्षा काल एवं कई वर्षों से असमय हो रही अत्यधिक वर्षा के चलते आवागवन नहीं कर पा रहे हैं। इस गांव में कई वर्षों से संचालित प्राथमिक विद्यालय के साथ मार्ग न होने के कारण वर्षा काल में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था एक वर्ष के मध्य दो बार उल्टी दस्त, हैजा के फैलने पर मरीजों को लाने के लिए बड़े मुश्किल से गांव के पास तक एम्बुलेंस जा सकी थी वही बैगा समाज के कुछ बच्चे जो पड़ोस के गांव लखनपुर, अगरियानार के साथ अनूपपुर में अध्यापन करने वर्षाकाल के दौरान पैदल नहीं जा पाते रहे हैं। इस संबंध में लगभग तीन पंचवर्षीय कार्यकाल के सरपंच गणों, ग्रामीणों द्वारा निरंतर 20 वर्षों से लखनपुर से पचरीपानी तक पांच किमी लम्बे मार्ग का निर्माण एवं मार्ग के मध्य पड़ रहे दो नाले में पुल के निर्माण की मांग जिला प्रशासन, जिले के जनप्रतिनिधियों से करते चले आ रहे हैं वनक्षेत्र के मध्य बसे इस गांव में सरकार की तमाम योजनाओं के बाद भी वनविभाग एवं पंचायत विभाग के आपसी सामंजस्य ना होने के कारण लंबित पड़ा रहा, जिसको देखते हुए जनप्रतिनिधियों के पत्राचार के साथ विगत दिनों अनूपपुर जिला मुख्यालय के वन्यजीव संरक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल ने पचरीपानी की इस महत्वपूर्ण समस्या से अवगत होते हुये समाचारों के प्रकाशन के साथ अनूपपुर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ को स्थिति से अवगत कराते हुए वनविभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग के मध्य समन्वय बनाकर मार्ग का सर्वेक्षण कराते हुए मार्ग निर्माण की चर्चा कर दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने पर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा समस्या को गंभीरता से लेते हुए निराकरण किये जाने हेतु अपने टाईम लिमिट कार्यक्रम में सम्मिलित कर सप्ताह में प्रत्येक सोमवार को समीक्षा करना प्रारंभ किया (

---



## प्रशासन की संवेदनशीलता से फिर एक परिवार में खुशियां आईं

**छतरपुर।** प्रदेश भर में छतरपुर जिला प्रशासन अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण करने में उदाहरण बनकर उभरा है। जहाँ नई ऊर्जा और सकारात्मक संकल्पों की राह से अनुकंपा नियुक्ति की उम्मीद लगाए चेहरों पर खुशियां बिखर रहीं हैं। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले में अनुकंपा नियुक्ति के आवेदकों को बिना किसी परेशानी के आसानी से नियुक्तियां मिल रहीं है। साथ ही नियुक्ति प्रक्रिया को बहुत ही आसान किया गया है जिससे आवेदकों को बहुत ही कम समय में अनुकंपा नियुक्ति मिल रही है। इसी का उदाहरण है बुधवार को शुभम तिवारी पिता स्व. रामनारायण तिवारी को पटवारी के पद पर तहसील राजनगर अंतर्गत रिक्त पद (अनारक्षित) पर अनुकंपा नियुक्ति मिली। शुभम ने बताया कि विभाग द्वारा नियुक्ति से संबंधित प्रक्रिया मात्र 10 दिन में पूरी की गई और कलेक्टर श्री जी.आर. द्वारा अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। नियुक्ति पाकर पूरे परिवार में खुशियों का माहौल है। शुभम ने शासन प्रशासन की संवेदनाओं के प्रति खुशी जाहिर की और बिना किसी परेशानी के नियुक्ति मिलने पर धन्यवाद दिया है।
कलेक्टर श्री जी.आर. ने कलेक्ट्रेट छतरपुर में शुभम को अनुकम्पा नियुक्ति का पत्र सौंपा और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आमजनों के हित को ध्यान में रखते हुए ईमानदारी और पूरी लगन से अच्छा कार्य करें। इस दौरान एसएलआर आदित्य सौनकिया उपस्थित रहे। कलेक्टर ने आवेदक से नियुक्ति मिलने पर पूछा की नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान किसी के भी द्वारा पैसे की मांग तो नहीं की गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री जी.आर. द्वारा अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया को आसान बनाने और कम समय में प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए गए थे। प्रशासन की संवेदनशीलता के चलते 28 आवेदकों को अनुकम्पा नियुक्ति मिल चुकी है।

## खबर संक्षेप

### दृढ़ इच्छा शक्ति संघर्ष एवं

**रीवा।** शासकीय इंजीनिरिंग महाविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग मे स्नातक विवेक तिवारी का चयन राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा के



माध्यम से एस.डी.ओ. पद पर हो गया है, विवेक तिवारी वर्तमान मे मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल रीवा मे उपयंत्री के पद पर सेवारत हैं, उन्होने यह सफलता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में तीसरा स्थान प्राप्त कर अर्जिक की हैं। विवेक तिवारी ग्राम कपसा के ज्योति प्रकाश तिवारी जी के नाती हैं व प्रतिष्ठित वरिष्ठ अधिवक्ता नरेन्द्र तिवारी जी के पुत्र हैं, जिन्होने गृह निर्माण मंडल रीवा को अपनी सक्रिय एवं दायित्वपूर्ण पदीय सेवा उपलब्ध कराते हुए दृढ़ इच्छा शाक्ति लगन व कड़ी मेहनत से उक्त सफलता अर्जित की हैं। विवेक तिवारी शुरू से ही होनहार एवं मेधावी विधार्थी रहे हैं, विवेक का मानना है कि व्यक्ति को मन से कभी हार नही माननी चाहिए, उद्देश्यपूर्ण किया गया संघर्ष सुखद परिणाम देता है, विवेक तिवारी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा-दादी, माता-पिता, परिजनों, गुरूजनों एवं मित्रों को दिया हैं, विवेक तिवारी का कहना है कि माँ श्रीमती माया तिवारी द्वारा की गई त्याग व सम्पर्ण युक्त परवरिश और पिता श्री नरेन्द्र तिवारी जैसे दिये गये संस्कार व कुशल मार्गदर्शन के बल पर जीवन की बड़ी से बड़ी परीक्षा उत्तीर्ण की जा सकती हैं। विवेक के दो छोटे भाई भी हैं जिनमें विकास तिवारी यूपीएससी की तेयारी कर रहे हैं एवं विनीत तिवारी एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई कर रहा हैं। विवेक तिवारी की इस सफलता पर उनके परिजनों, रिश्तेदारों, गृह निर्माण मंडल रीवा के शुभ चिंतकों, अधिकारियों, एवं मित्रों के साथ-साथ अघिवक्तागण राजेन्द्र तिवारी, ''राजू'', अरूण द्विवेदी, अशोक तिवारी, दिनेश मिश्रा, शशिकुमार पाण्डेय, अरूण तिवारी, सुनील मिश्रा, मंजूर अहमद, आनंद पाण्डेय, बालमीक द्विवेदी, अर्चना श्रीवास्तव एवं पटवारी अवधेश वर्मा आदि ने बधाई दी हैं।

### पूज्य राजा साहब का मनाया जन्मदिन

**रीवा।** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के तत्वाधान पर संस्थापक पूज्य राजा साहब की जन्मोत्सव पर जिला कार्यालय में कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश अजय चैधरी एवं प्रदेश संगठन सचिव रामपाल नामदेव की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। माननीय राजा चंद्रवंशी के जन्मदिवस पर श्री चैधरी ने बताया कि औषधि पौधे ग्राम स्तर पर लगाए जाएं ताकि यादगार रहे और फलदार छायादार एवं औषधि पौधों आरोपित करें इस विषय पर चर्चा की गई एवं प्रदेश संगठन सचिव रामपाल नामदेव ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। जिला अध्यक्ष मोहित मिश्रा द्वारा यह बताया गया है कि यह कार्यक्रम हमारे लिए बहुत ही यादगार रहेगा और हर जन्म दिवस पर पर्यावरण को रक्षा सुरक्षा के लिए काम करने का प्रयास रहना होगा जिसमें उपस्थित जिला प्रभारी लवकुश गुप्ता, रामपति नामदेव, डॉ. एस.पी मिश्रा, अनुराग भल्ला, डॉ दीपांकर सोनी, हनी उप्पल, एन एल राठी, संतोष गुप्ता, राजीव गुप्ता,मोहम्मद लालू ,अनीश, मोहसिन, धर्मेंद्र श्रीवास्तव एवं अन्य सदस्यों में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शहर में अतिक्रमण का कार्य निरंतर जारी

**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शहर में हो.रहे अतिक्रमण पर अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत स्टेडियम के सामने से दुकानदारो द्वारा लगातार गोमती रखने की शिकायत आ रही थी, जिसे आज पुलिस प्रशासन के सहयोग से नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी श्री सुखेंद्र चतुर्वेदी एवं श्री ज्ञानेंद्र द्विवेदी की संयुक्त टीम द्वारा मिलकर स्टेडियम तिराहा से लेकर नीम चौराहा तक की गोमतियों को हटाने की कार्यवाही की गई। साथ ही शहर के प्रमुख मार्गो से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही एवं फल, ठेला दुकानदारो को व्यवस्थित कराये जाने की कार्यवाही की गई।

## जिले में स्वच्छता अभियान ने तोड़ा दम

# न्यू बस स्टैंड में लगा गंदगी का अंबार

जिले मे नगर निगम में स्वच्छता अभियान ने दम तोड़ दिया है। कहीं कॉलोनी की मुख्य सड़क पर गंदगी जमा है तो कहीं पर पार्क के पास कूड़े का ढेर लगा है। नए बस स्टैंड में गंदगी का अंबार लगा है सफाई नहीं होने से चारों ओर बदबू फैल रही है।

रीवा !



निगम की ओर से सफाई अभियान के नाम पर महज खानापूर्ति चल रही है। निगम के कर्मचारी आसपास के इलाकों से कचरा एकत्र कर मुख्य सड़क पर डंप कर देते हैं और इसके बाद कई-कई दिन तक उठाने के लिए नहीं आते हैं। न्यू बस स्टैंड में एक ठेला व्यापारी ने बताया कि न्यू बस स्टैंड के आसपास से नाला बह रहा है, जिसकी बदबू काफी दूर तक रहती है। बस स्टैंड से निकलने वाले कचरे को फेंकने के लिए डस्टबिन ना होने के कारण दुकानदारों द्वारा कचरे को बस स्टैंड के मैदान में फेंक दिया जाता है जिसके कारण दूर-दराज से आने वाले यात्री फैली गंदगी देखकर बस स्टैंड में खड़ा होना पसंद नहीं करते निगम में शिकायत के बाद भी कोई सुनने के लिए तैयार नहीं है।

### नियमित साफ-सफाई नहीं होने से गंदगी का लगा अंबार,

सरकार की ओर से लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को अपने पास-पड़ोस में साफ-सफाई रखने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। शहर से गांव तक लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बावजूद सरकार का यह अभियान दम तोड़ता दिख रहा है। नगर निगम रीवा द्वारा स्वच्छता अभियान में लगे कर्मचारियों द्वारा न्यू बस स्टैंड की नियमित सफाई न करने के कारण न्यू बस स्टैंड में कचरा का ढेर लगा है जिसके कारण पूरे बस स्टैंड में गंदगी फैली हुई है स्टैंड के दुकानदारों द्वारा कचरे को फेंकने के लिए डस्टबिन ना होने के कारण कचरे को स्टैंड के बीच फेंक देते हैं जिसके कारण पूरे न्यू बस स्टैंड में बदबू एवं गंदगी फैली हुई है

## महिलाएं लाड़ली बहना योजना से मिली राशि का सही कार्यों में उपयोग करें - सांसद

### रीवा जिले की 410435 बहनों को जारी हुई लाड़ली बहना की राशि

**रीवा।** लाड़ली बहना योजना की किश्त मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक से जारी की। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से राशि जारी की गई। इस कार्यक्रम का रीवा जिले के नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में सजीव प्रसारण दिखाया गया। मुख्य कार्यक्रम नगर निगम के टाउनहाल में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि आज लाड़ली बहना योजना से रीवा जिले की चार लाख 10 हजार 435 महिलाओं के प्रत्येक खाते में 1250 रुपए की राशि मुख्यमंत्री ने जारी की है। अब तक रीवा जिले में लाड़ली बहनों को 51 करोड़ 30 लाख 43 हजार रुपए की राशि दी जा चुकी है। महिलाएं लाड़ली बहना योजना से मिली राशि का सही कार्यों में उपयोग करें। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए इसका उपयोग करें। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ यादव की सरकार डबल इंजन के रूप में कार्य करके लगातार महिला सशक्तिकरण के प्रयास कर रही हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को



जागरूकता तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री जी का सपना है कि महिला स्वसहायता समूह से जुड़ी दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाया जाए। महिला स्वसहायता समूह द्वारा उत्पादित विभिन्न वस्तुओं से महिलाओं को अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। इसके माध्यम से कई महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो गई हैं। समारोह में सांसद श्री मिश्र ने कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया तथा उन्हें उपहार दिए। समारोह में नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, श्री राजेन्द्र त्रिपाठी, श्री शिवम शुक्ला, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, परियोजना अधिकारी जीवेन्द्र सिंह, उपायुक्त नगर निगम रूपाली दुबे, पर्यवेक्षक आँचल अग्रवाल तथा बड़ी संख्या में योजना से लाभान्वित महिलाएं उपस्थित रहीं।

## एसडीएम ने परिवहन विभाग के उड़नदस्ते को पकड़ा
### शासन के राजस्व को लगा झटका

रीवा !

एक ओर जहां उच्च न्यायालय के आदेश पर समय-समय पर पुलिस वाहन चेकिंग कर बिना हेलमेट, रजिस्टेशन के साथ चलने वालों पर जुर्माना राजस्व वसूली कर रही वहीं दूसरी ओर परिवहन विभाग का उडन्नदस्ता हाइवे में नियम विरूद्ध चलने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाही कर शासन के लिए राजस्व वसूली का काम कर रही। परिवहन उडन्नदस्ता के माध्यम से शासन के राजस्व को उस समय बड़ा झटका लगा जब नवगात एसडीएम हुजूर और नायब तहसीलदार ने हाइवे में जाकर परिवहन विभाग के उडन्नदस्ता टीम को पकड़ कर थाना ले आई। इस



संबंध में नायब तहसीलदार ने बताया कि परिवहन उडन्नदस्ता के पास मिली रशीद शासकीय है और वाहन पर परिवहन विभाग का एक आरक्षक बैठा मिला। वाहन के पास ही दो व्यक्ति कौशलेश द्विवेदी और प्रदीप मिश्रा मिले। सभी को वाहन सहित कोतवाली ले आया गया है। वहीं कोतवाली प्रभारी ने बताया कि एडीएम के इधर से अभी तक कोई प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ। किसे किस आरोप में आरोपी बनाना है है प्रतिवेदन मिलने के बात ही बात सकता हूं। एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने जो भी कार्य किये है वो भले ही चर्चा का विषय बने हुए है। लेकिन इन चचाओं के बीच यह चर्चा भी निकल कर सामने आ रही है कि उक्त कार्रवाही से शासन को राजस्व का झटका जरुर लगा। अब परिवहन विभाग का उडन्नदस्ता भी हाइवे में दौडन्ने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाही करने में एक बार सोचने को जरुर मजबूर होगा।

## कलेक्टर ने त्योंथर में धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**फीडिंग कार्य में गति लाने तथा केन्द्र से धान का उठाव शीघ्र करने के दिये निर्देश**

रीवा !



कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने त्योंथर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति सोहागी का निरीक्षण किया तथा उपार्जित धान की तौलाई एवं परिवहन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उपस्थित किसानों से उपार्जन केन्द्र में व्यवस्थाओं व खरीदी के बारे में पूंछताछ की। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपार्जित धान का कम्प्यूटर में फीडिंग कार्य विक्रता से करायें ताकि किसान को केन्द्र में रूकना न पड़े उन्होंने उपार्जित धान को शीघ्रता से परिवहन करने के निर्देश नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक को दिये।

कलेक्टर ने त्योंथर तहसील अन्तर्गत उपार्जन केन्द्रों में धान उपार्जन तथा परिवहन एवं भुगतान की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिये कि एसडीएम के साथ अन्य अधिकारी सभी केन्द्रों का तत्काल भ्रमण कर खरीदी गई धान तथा उपार्जित धान का आकलन कर केन्द्र से तत्काल धान का परिवहन किये जाने की व्यवस्था करायें।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने त्योंथर में 43 करोड़ 27 लाख रूपये की लागत से बनाएं जा रहे। सीएम राईज स्कूल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि मार्च 2025 से पूर्व पूरी गुणवत्ता के साथ सीएम राईज स्कूल का निर्माण हो जाय। उन्होंने कहा कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ बच्चों के सर्वांगीण विकास में होगा तथा उन्हें अनुभवी व प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा उच्च स्तरीय शिक्षा ग्रहण करने का भी अवसर मिलेगा। उन्होंने जी प्लस श्री माडल में बनाये जा रहे सीएम राईज भवन की ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन किया तथा निर्माण एजेंसी को सतत कार्य को आगे बढ़ाने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि रीवा एवं मऊगंज जिले में 12 सीएम राईज स्कूल की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसमें से 10 का कार्य प्रारंभ हो चुका है। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय त्योंथर का भी भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, एसडीएम पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर रामनिवास सिकरवार, कार्यपालन यंत्री पीआईयू केके तिवारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कागज में चल रहा जिले के नईगढ़ी का मृदा परीक्षण केंद्र

**मऊगंज।** जिले में एक ऐसा भी कार्यालय नईगढ़ी मुख्यालय स्तर पर देखने को मिला जहां पूरे 12 माह ताले लटकते हैं। विभाग की अनदेखी के कारण वर्षों बाद भी एक भी किसान के खेत की मिट्टी का परीक्षण नहीं हो सका।गौरतलब है कि किसानों के बेहतरी करण के लिए खेत में अच्छी उपज हो, खेत में अच्छी उपज तभी संभव है जब मिट्टी का परीक्षण हो, जिसके लिए शासन स्तर पर नईगढ़ी तहसील मुख्यालय स्तर पर लाखों रुपए खर्च कर शासन द्वारा मृदा परीक्षण कार्यालय का विशालकाय भवन निर्मित कराया गया। लेकिन 5 वर्ष से भी अधिक समय से भवन तो बनकर तैयार है पर इतनी बड़ी सर्व सुविधा युक्त विशालकाय बिल्डिंग में मृदा परीक्षण केंद्र कार्यालय मिट्टी परीक्षण के लिए खुलना तो दूर वर्ष में पूरे 365 दिन ताले ही लटके रहते हैं। आलम यह है कि क्षेत्र के किसानों को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जमीनी हकीकत है कि प्रशासनिक अनदेखी के चलते जिले के नईगढ़ी स्थित मृदा परीक्षण केंद्र में एक भी कर्मचारी की पदस्थापना नहीं की गई। शासन की योजना अनुसार अन्नदाताओं के खेत की मिट्टी का परीक्षण न होने से मिट्टी के मांग अनुसार भूमि को उर्वरा शक्ति न मिल पाने के कारण किसानों को खेती बेहतर उपज नहीं मिल पा रही है जो वास्तव में शासन की मंशा है। हालात इतने खराब है कि क्षेत्र के किसानों की समस्या की ओर न तो जिम्मेदार विभाग का ध्यान गया और न ही शासन एवं प्रशासन का। इसी अनदेखी के कारण आज नईगढ़ी का मृदा परीक्षण केंद्र कार्यालय का विशालकाय भवन रखरखाव के अभाव में जहां धीरे धीरे जर्जर होने लगा है वही किसानों के मूल व्यवसाय की अनदेखी की जा रही है। और इसी अनदेखी के कारण आज हालात कुछ इस कदर पहुंच गए हैं कि कहने के लिए तो नईगढ़ी तहसील मुख्यालय स्तर पर मृदा परीक्षण केंद्र खुला हुआ है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि युक्त मिट्टी परीक्षण केंद्र महज विभाग के कागजों में ही खुल कर रह गया है।किसानों के साथ विभाग कर रहा धोखाः-मध्यप्रदेश शासन एवं कृषि कल्याण विभाग की योजना अनुसार हर वर्ष हर विकास



खंड क्षेत्र के किसानों की अलग-अलग क्षेत्र की मिट्टी का परीक्षण कर यह निहित किया जाना है कि वास्तव में किसानों की बोनी वाली जमीन को कितनी मात्रा में कौन सी उर्वरा शक्ति देना है। लेकिन नईगढ़ी अंचल के किसानों के साथ विभाग द्वारा कुछ इस कदर धोखा दिया जा रहा है कि क्षेत्र का किसान आज तक न तो जान पाया और न ही समझ पाया कि युक्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी किन किसानों के खेत की मिट्टी परीक्षण हेतु ले जाते हैं या परीक्षण उपरांत किन किसानों को नियमानुसार सलाह देते हुए उतनी मात्रा में अपने खेतों में उर्वरा शक्ति डालने हेतु प्रेरित किया गया। एक तरफ जहां मिट्टी परीक्षण केंद्र नईगढ़ी में 12 माह ताला लटका होता है तो दूसरी तरफ विभाग के कर्मचारियों द्वारा वैधानिक रूप से मिट्टी परीक्षण हेतु प्रक्रिया न अपनाए जाने से किसानों को किसी भी प्रकार से लाभ न मिल पाने से क्षेत्र का किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। वही ऐसे हालात में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि नईगढ़ी मुख्यालय स्तर पर शासन द्वारा इतनी लागत लगाकर मृदा परीक्षण केंद्र का विशालकाय भवन तैयार कराया गया पर 5 वर्ष से भी अधिक समय गुजर जाने के बाद भी एक भी किसान



## बिना परमिट एक ट्रक व नियम विरुद्ध 9 बसों पर की गई चलानी कार्रवाई

**रीवा।** परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा आज की जाँच के दौरान नियम विरुद्ध चलते पाये जाने 9 बसों के विरुद्ध की गई चालानी कार्यवाही इन बसों में एक स्कूल भी शामिल है इन बसों में फ़ास्टेड बॉक्स स्पीड गवर्नर और परमिट शर्तो का उल्लंघन करते पाये जाने के कारण कार्यवाही की गई। इसके अलावा परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा एक ट्रक बिना परमिट रीवा बाइपास पर चलता हुआ पाया गया जिसमें मौक़े पर कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाये गये इसके इसके अलावा एक वाहन mp17 hh 2810 माननीय न्यायालय के द्वारा मुक्त किया गया और उक्त ट्रक से चार गुना शास्ति वशूल कर 38800 /- रुपये का जुर्माना किया गया आर टी ओ रीवा के निर्देशन में यह कार्यवाही परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा की गई।आज की गई इस कार्यवाही से 92500 रुपये की चालानी कार्यवाही कर शासकीय राजस्व वसूल किया गया।

## खनिज विभाग की मिलीभगत से माफियाओं का एक छत्र राज
### धरती की कोख छलनी कर कमाई में जुटे खनिज माफिया

### नियम को ताक में रखकर चल रहे क्रेशर मशीनें व अवैध खदानें

मऊगंज

जिले में खनिज माफिया का एकछत्र राज कायम है। जिले के बहेराडाबर, हर्रहा,सीतापुर एंव पूर्वी उत्तरी छोर मे खनिज माफिया द्वारा राजस्व जमीन से लेकर जंगल के अंदर खुलेआम नियम कानून को तांक में रखकर महेवा, शंकरपुर के पहाड़ी क्षेत्र में आधा दर्जन की संख्या में अमानक स्तर के लगे क्रेशर मशीनें पर्यावरण की धज्जियां उड़ा रहे हैं। आलम यह है कि इन क्रेसर मशीनों से निकलने वाला धूल धुआं क्षेत्र में निवासरत लोगों को धूल के रूप में निकल रही दूषितहवा सांसों में घुलकर दमा जैसी जानलेवा बीमारियों का निमंत्रण देती नजर आती है। वहीं इसी तरह क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में अवैध रूप से ढोका पटिया पत्थर की खदानें लगाकर इन खदानों से बेशकीमती पत्थर बेखौफ वाहनों में लाद कर उत्तर प्रदेश बिहार में बिक्री कर रहे हैं। वन एवं खनिज विभाग इन अवैध खनिज कारोबारियों पर आज तक कोई खास कार्रवाई नहीं की गई। जिससे दूसरे क्षेत्र में आज की स्थिति में जहां नियम विरुद्ध मशीनें संचालित हैं। वहीं प्रशासन की अनदेखी में चल रहा अवैध कारोबार अंचल की सीमा से लगे त्योंथर तहसील अंतर्गत आने वाले शंकरपुर, महेवा में क्रेशर मशीने सारे नियमों को ताक में रखकर चल रही है। जिससे क्षेत्र की आबोहवा प्रदूषित कर रहे है। वहीं धरती की कोख को छलनी करते नजर आ रहे हैं। इसी तरह सोहागी जंगल से लेकर हाटा लोढी, जरकुड ,पिपराही, बहेरा डाबर हर्रहा,सीतापुर अवैध रूप से संचालित पत्थर की खदानों से बेशकीमती ढोका, पत्थर ,गिट्टी व पटिया जिम्मेदार खनिज विभाग वन विभाग सहित पुलिस एवं सोहागी हनुमना जैसे परिवहन चेकपोस्ट के रास्ते वाहनों में लादकर खनिज माफियाओं द्वारा दिनदहाड़े उत्तर प्रदेश एवं बिहार राज्य तक पहुंचाई जाती है। इन्हीं खनिज माफियाओं द्वारा पत्थर तोड़वाकर अंचल के दर्जनों स्थानों पर ढोका, गिट्टी, पत्थर के स्टाक लगाए गए हैं । जहां से खनिज सम्पदाअन्य स्थानों में भेजी जाती है।*नियम को पालन कराने में रुचि नहीं लेते अधिकारी* जिले के नईगढ़ी तहसील सीमाओं से लगे त्योथर तहसील के शंकरपुर महेवा नामक पहाड़ी क्षेत्र में इन दिनों नियम कानून को ताक में रखकर खनिज विभाग की सह पर क्रेसर मशीनें चल रही है जबकि जनता की माने तो इनके संचालकों के पास ना तो विभागीय व पर्यावरण प्रदूषण की अनापत्ति है और ना ही निर्धारित नियम का पालन किया जाता। फिर भी खनिज विभाग के आला अधिकारियों के सहपर अवैध खदानें संचालित है।*खुलेआम राजस्व की चोरी*अंचल में संचालित अवैध क्रेशर मशीनों एवं खदानों से निकले खनिज को बिना रमन्ना रॉयल्टी के खनिज माफिया द्वारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत से लेकर राज्य की सीमा से लगे दूसरे राज्यों में पहुंचाया जाता है जिसकी प्रतिमाह लाखों रुपए की शासन को राजस्व क्षति हो रही है लेकिन जिम्मेदार आला अधिकारी अंजान बने हुए।*यहां चल रही है अवैध खदानें*रीवा एंव मऊगंज जिले के उत्तरी पूर्वी क्षेत्र में भठवा, पताई, सोहागी, झिरिया, मुढुली, चफिला, गेरुआरी, भीर, महेबा, रामपुर, शंकरपुर, शिवराजपुर, बहुती, पहाड़ी ,बसिगड़ा, चौरा, हनुमना, हाटा लोढी, जडकुड सहित जंगल से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ जंगल के अंदर के पर्यावरण को जहां प्रदूषित कर रहे हैं वही धरती के धरोहर को नष्ट कर रहे।*जिम्मेदारों की कमाई का जरिया बनी क्रेशर मशीनें एवं अवैध खदानें*क्षेत्र में आधा दर्जन के करीब क्रेशर मशीनें एवं सैकड़ों की संख्या में चल रही अवैध खदानों का सबसे बड़ा श्रेय जिम्मेदार अमले को है। सूत्रो की माने तो खनिज विभाग के आला अधिकारियों सहित अंचल के पुलिस थानों की सह पर यह अबैध खदाने संचालित है।